मातकमडीह में पंचायत जनजातीय अधिनियम पर प्रशिक्षण शिविर

पंचायती राज व्यवस्था का प्रशिक्षण देती बेबी कुमारी.

चौका,27 दिसम्बर, संवाददाता: चांडिल प्रखंड के मातकामडीह पंचायत भवन में व्यक्ति विकास केंद्र (आर्ट ऑफ लिविंग) और केंद्र सरकार के जनजातीय मामलें के मंत्रालय के संयुक्त तत्वाधान में प्रशिक्षण शिविर लगाया गया.जिसमें 5 पंचायत उरमाल, हेंसाकोचा,मातकमडीह,धुनाबूरू एवं रूदिया के मुखिया,उपमुखिया,वार्ड सदस्य तथा ग्राम प्रधान शामिल हुए, प्रशिक्षण का विषय था कि झारखंड ग्राम पंचायत जनजातीय अधिनियम था. जिसके अंतर्गत जनजातीय कानून पेसा तथा सरकारी योजनाओं का प्रशिक्षण दिया गया.इस दौरान आर्ट ऑफ लिविंग प्रशिक्षिका बेबी कुमारी के द्वारा पंचायती राज व्यवस्था का प्रशिक्षण दिया गया. प्रशिक्षक शिवकुमार पूर्ति ने वन अधिकार अधिनियम का प्रशिक्षण दिया. जिसके अंतर्गत जनजातीय समुदाय के वन अधिकार के प्रति जागरूक किया गया. आर्ट ऑफ लिविंग के प्रशिक्षक झारखंड प्रोजेक्ट हेड रूपेश कुमार ने गांव और पंचायत को सशक्त बनाने और गांव के विकास को संयुक्त जिम्मेदारी लेने पर जोर दिया. इस मौके पर प्रशिक्षक अमृत रंजन महतो, जिला समन्वयक प्रकाश कुमार, सरस्वती, बाहा मुर्मू, सोमवारी आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे.